कार्यालय अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर–02

पत्र सं0:769 / शैक्षिक / द्वि.श.प. / 2022 दिनांकः 29 / 10 / 2022

:: संशोधित सूचना ::

द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत् बी0टेक0 छात्रों के शाखा परिवर्तन सम्बन्धी

विश्वविद्यालय के बी0टेक0 अध्यादेश के अनुरूप बी0टेक0 प्रथम वर्ष में शैक्षिक सत्र 2021–22 में प्रवेश प्राप्त छात्र / छात्राओं को बिना कैरीओवर के बी0टेक0 प्रथम वर्ष की परीक्षा विगत शैक्षिक वर्ष में उत्तीर्ण कर द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत् होने पर उनके बी0टेक0 प्रथम वर्ष के प्राप्तांक के आधार पर शाखा अन्तर परिवर्तन अनुमन्य किया जाना है। इस सन्दर्भ में बी0टेक0 अध्यादेश में की गई व्यवस्था निम्नवत है :

1. आरक्षित वर्ग के छात्र / छात्रा उनसे सम्बन्धित आरक्षित श्रेणी एवं सामान्य अनारक्षित सीटों पर शाखा परिवर्तन हेतु अर्ह होंगे।
2. Economically Weaker Section (EWS) वर्ग के छात्र / छात्रा EWS श्रेणी की रिक्त सीटों के साथ–साथ सामान्य अनारक्षित सीटों पर शाखा परिवर्तन हेतु अर्ह होंगे।
3. Tuition Fee-Waiver (TFW) प्राप्त छात्र / छात्रा रिक्त TFW सीटों पर शाखा परिवर्तन कर सकेंगे। इन TFW सीटों के अतिरिक्त अन्य रिक्त सीटों पर शाखा परिवर्तन इस शर्त के साथ अनुमन्य होगा कि उन्हें प्राप्त शिक्षण शुल्क में दी गयी छूट समाप्त कर दी जायेगी। TFW छात्र / छात्रा यदि किसी आरक्षित श्रेणी के हैं तो उक्त आरक्षित श्रेणी के साथ–साथ सामान्य अनारक्षित रिक्त सीटों पर भी शाखा परिवर्तन कर सकते है।

विभिन्न शाखाओं के अन्तर्गत संवर्ग विशेष में वर्तमान में उपलब्ध रिक्तियों (दिनांक 25.10.2022 को आधार मानते हुये) का विवरण निम्नवत् हैः–

क्र0सं0	शाखा / संवर्ग	सामान्य	सामान्य (EWS)	अन्य पिछड़ा	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	योग
1	BE	02 + 02 (FW)					**04**
2	CE	09	01			01	**11**
3	CH			01	01		**02**
4	CSE	07 + 01 (FW)			02		**10**
5	EE	01 + 01 (FW)		03			**05**
6	ET	01 (FW)		03			**04**
7	FT	03					**03**
8	IT	03 + 02 (FW)	02	01	02	01	**11**
9	LT	01					**01**
10	ME	01				01	**02**
11	OT	06 + 01 (FW)		01			**08**
12	PT	04					**04**
13	PL	02					**02**
	योग	**47**	**03**	**09**	**05**	**03**	**67**

उक्त रिक्तियॉ एक्स स्टूडेन्ट एवं विगत शैक्षिक सत्र अथवा उससे पूर्व के छात्रों के पुर्नप्रवेश से परिवर्तित हो सकती है। छात्रों को शाखा परिवर्तन अनुमन्य किये जाने के कारण उपरोक्त इंगित रिक्तियों में अभिवृद्वि, उन शाखा सह संवर्गो में भी हो सकती हैं, जिनमें रिक्तियॉ इंगित नहीं है।

अतः छात्र उस समस्त शाखाओं जिसमें वह शाखा परिवर्तन के इच्छुक हों, का विकल्प अपने आवेदन में उल्लिखित शाखा वरीयता में अवश्य इंगित करें। शाखा वरीयता के सन्दर्भ में छात्र का शाखा परिवर्तन विचारणीय नहीं होगा। शाखा परिवर्तन पूर्णतः प्रोविजनल आधार पर किया जायेगा, जिस पर कुलपति महोदय का पूर्णाधिकार होगा, जिससे अनुमन्य किया गया शाखा परिवर्तन बदला या वापस लिया जा सकता है।

इच्छुक छात्र अपना आवेदन दिये गये गूगल फार्म के लिंक https://forms.gle/c9nWjuqUmnLuXbyh9 के माध्यम से विलम्बतम् दिनांक नवम्बर 02, 2022 (बुधवार) तक प्रस्तुत करेंगें। निर्धारित तिथि के पश्चात् शाखा परिवर्तन का कोई आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

शाखा परिवर्तन के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सूची मय उनके प्राप्तांक एवं विकल्प के विवरण सहित छात्रों के सन्दर्भ के लिये अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप के सूचना पटट् एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hbtu.ac.in पर दिनांक 04/11/2022 (शुक्रवार) सायं 05:00 बजे प्रदर्शित कर दी जायेगी। आवेदक छात्र के प्राप्तांक के सन्दर्भ में किसी भी त्रुटि को आवेदक सहित किसी भी छात्र द्वारा इंगित करना हो तो वह दिनांक 05/11/2022 (शनिवार) को अपरान्ह 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी को इसका लिखित प्रत्यावेदन दे सकता है।

दिनांक 11/11/2022 (शुक्रवार) को अपरान्ह 04:00 बजे तक छात्रों के आवेदन के आधार पर अनुमन्य किये गये शाखा परिवर्तन का आदेश अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप के सूचना पटट् एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित कर दिया जायेगा।

शाखा परिवर्तन का आवेदन करने के उपरान्त उसे वापस लेने या विकल्प में परिवर्तन करने इत्यादि का कोई भी अनुरोध किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं होगा। छात्र के आवेदन के आधार पर आवंटित परिवर्तित शाखा में अध्ययन करना अनिवार्य होगा। अतः सभी छात्र / छात्राओं से अपेक्षा है कि शाखा परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पूर्ण रूप से विचार करने के उपरान्त ही प्रस्तुत करें।

नोट : अभातशिप के मानको एवं विश्वविद्यालय बी0टेक0 अध्यादेश के बिन्दु 6.3 के अनुसार वर्तमान में Biochemical Engg., Food Tech. एवं Leather Tech. शाखाओं में अभातशिप द्वारा स्वीकृत सीटों के सापेक्ष उपलब्ध छात्रों की संख्या 75 प्रतिशत से न्यून होने के दृष्टिगत इन शाखाओं के छात्र/छात्रायें शाखा परिवर्तन की प्रक्रिया में सहभाग नहीं ले सकेंगे।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. समस्त सदस्यगण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त छात्रावास के सूचना पटट पर प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3. सिस्टम मैनेजर. एच0बी0टी0यू0, कानपुर को इस आशय के साथ कि उक्त सूचना को विश्वविद़्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
4. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कैम्प, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. श्री राजीव त्रिपाठी, पटल सहायक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।

(आनन्द कुमार)
अधिष्ठाता शैक्षिक, क्रिया कलाप